दैनिक न्याय साक्षी
छत्तीसगढ़-प्रादेशिक
रायगढ़, शुक्रवार 28 अप्रैल 2023
www.nyaysakshi.com


## महत्वपूर्ण एवं खास

### बिलाईगढ़ क्षेत्र के ग्राम छिर्रा में बाल विवाह को रोका गया

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** महिला एवं बाल विकास विभाग सारंगढ़ बिलाईगढ़, बाल संरक्षण इकाई बलौदाबाजार, चाइल्डलाइन बलौदाबाजार और पुलिस के संयुक्त दल द्वारा सरपंच, कोटवार और अन्य ग्रामीणों की उपस्थिति में आज बिलाईगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम छिर्रा में, सूचना प्राप्त होने पर बाल विवाह रोकथाम की कार्यवाही की गई। वर वधु के परिजनों को समझाइश दी गई है और बाल विवाह होने से रोक दिया है।

### पुलिस हिरासत में धोखाधड़ी के आरोपी की मौत

**बिलासपुर (आरएनएस)।** तारबाहर थाने में दर्ज धोखाधड़ी के आरोपी की पुलिस हिरासत मौत का मामला सामने आया है। तारबाहर पुलिस की टीम 2022 में धोखाधड़ी के मामले में दर्ज अपराध में आरोपी को मंगलवार रात हिरासत में लेकर बिलासपुर आई थी। बुधवार की सुबह 10:30 बजे आरोपी ने तबीयत खराब होने की शिकायत की। जिसके चलते उसे जिला अस्पताल में इलाज के लिए ले जाया गया। जहां उसकी मौत हो गई। सूचना पर उच्च अधिकारी पहुंचकर जांच में जुटे हुए हैं। मुंगेली निवासी श्याम मोदीकर के खिलाफ दीपक कुमार बेहरा ने जमीन पंजीयन और वाहन दिलाने के नाम पर पौने चार लाख की ठगी की शिकायत 2022 में की थी। जिस पर पुलिस जुर्म दर्ज कर जांच कर रही थी। इस बीच आरोपी फरार चल रहा था। पुलिस को जानकारी मिली कि आरोपित श्याम रायपुर के तेलीबांधा में परिवार के साथ रह रहा है।

### टाटा मैजिक को ट्रेलर ने मारी टक्कर, दो महिलाओं की मौत

**बिलासपुर (आरएनएस)।** बिलासपुर- रतनपुर रोड पर सडक़ किनारे खड़ी टाटा मैजिक वाहन को पीछे से तेज रफ्तार से आ रही ट्रेलर ने जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में दो महिलाओं की मौत हो गई। घटना रतनपुर थाना क्षेत्र की है। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को यात्रियों को लेकर रतनपुर जा रहे मैजिक वाहन रानीगांव के पास सवारी उतारने के लिए नेशनल हाईवे पर रुका था इसी दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रेलर ने मैजिक वाहन को पीछे से टक्कर मार दी। इस टक्कर से वाहन उछलकर लगभग 25 फीट दूर रोड से नीचे खेत में जा गिरा। इस हादसे में मदनपुर निवासी सावित्रीबाई पति रूपराम कलीब (60) और सरकंडा निवासी लक्ष्मीकांता सांगा (60) की मौत हो गई वहीं पुष्पा सहित पांच अन्य की हालत गंभीर है, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी राजकिशोर नगर से रतनपुर स्थित मां महामाया मंदिर देवी दर्शन करने के लिए जा रहे थे। ये लोग मैजिक वाहन में सवार थे। फिलहाल पुलिस हादसे की जांच कर रही है।

### सड़क में बैठे मवेशी से टकराए मोटरसाइकिल सवार, दो घायल

**गरियाबंद (आरएनएस)।** जिला मुख्यालय से दो किलोमीटर दूर नेशनल हाइवे 130 सी ग्राम मजरकट्टा के समीप सडक़ में बैठे मवेशी से टकराने से दो युवक घायल हो गए।घटना के विषय में मिली जानकारी के अनुसार बुधवार के देर रात को एक मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 23 के 8656 में तीन युवक सवार होकर राजिम की ओर जा रहे थे उसी दौरान मजरकट्टा के समीप मुख्यमार्ग में बैठे तीन मवेशियों के साथ उनकी मोटरसाइकिल टकरा गए जिससे तीनो युवक अलग अलग छिटक गए और उनकी मोटरसाइकिल अलग छिटक गया , इस घटना से मोटरसाइकल में बैठे दो युवकों को ज्यादा चोट लगने से दोनो यवक कुछ देर तक अचेत अवस्था मे पड़े रहे वही तीसरा युवक को मामूली खरोच आया।लेकिन इस घटना में दोनो मवेशी को ज्यादा चोट लगी और एक छोटे बछड़े का कमर टूट गया।घटना की जानकारी सिटी कोतवाली को मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुचे और तीनो युवकों को जिला अस्पताल लेजाया गया ,साथ ही नजदीक के लोगो के द्वारा मवेसी के डॉक्टर को भी सूचना दिया गया।

# बार-बार आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त बदमाशों का हिस्ट्रीशीट खोले थाना प्रभारीगण : एसएसपी सदानंद कुमार

**अवैध शराब पर कार्यवाही और बढ़ाए, नए जुआ, सट्टा एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपियों को भेजें जेल**



**रायगढ़।** दिनांक 26.04.2023 के संध्या पुलिस नियंत्रण कक्ष में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा जिले के राजपत्रित पुलिस अधिकारियों एवं थाना, चौकी प्रभारियों के साथ अपराध समीक्षा बैठक लिया गया।

दंतेवाड़ा जिले में सहादत हुए जवानों को मौन श्रद्धांजलि के बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा थानावार अपराध, मर्ग, शिकायतों एवं पिछले क्राइम मीटिंग में दिए गए एजेंडा पर की गई कार्यवाही की समीक्षा किये। थाना प्रभारियों द्वारा पावर पाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से जानकारी प्रस्तुत किया गया। इस दौरान लंबित मामलों में उनके द्वारा थाना प्रभारियों को प्रकरण के निकाल हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया है। एसएसपी सदानंद कुमार ने चिटफंड मामलों के फरार डायरेक्टरों और गंभीर अपराधों में वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी के संबंध में एडिशनल एसपी संजय महादेवा को साइबर सेल स्टाफ के साथ ज्वांइट टीम बनाकर कार्यवाही का निर्देश दिया गया है।

एसएसपी रायगढ़ ने क्राइम कंट्रोल को लेकर थाना क्षेत्र के आदतन बदमाश जो बार-बार आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त हो रहे हैं ऐसे बदमशों के हिस्ट्री शीट खोलने को लेकर थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि 3 या 3 से अधिक अपराधों में लिप्त रहे बदमाशों के हिस्ट्रीशीटर खोले जाएं तथा ऐसे माफी बदमाश जो शांतिपूर्वक जीवन यापन कर रहे हैं, वर्तमान में कोई शिकायत नहीं है, उन्हें "अ " वर्ग से "ब" वर्ग और "स" वर्ग में लाए जाने की कार्यवाही करें। उन्होंने राजपत्रित अधिकारियों को "जिला बदर" किये जाने आपराधिक तत्वों को चिन्हिंकित कर कार्यवाही में प्रगति लाने के निर्देश दिये हैं।

उनके द्वारा थाना, चौकी प्रभारियों को पुन: उनके क्षेत्र के एसडीएम, तहसीलदार से कोआर्डिनेशन बनाकर जमीन संबंधी, फसल संबंधी और छोटे-मोटे विवाद असंज्ञेय मामलों का शीघ्र निराकरण कराने कहा गया।

क्राइम मीटिंग में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने अवैध शराब पर की जा रही कार्यवाही को और बढ़ाने तथा नए जुआ सट्टा एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपियों को जेल भेजने की कार्यवाही अमल में लाने के निर्देश दिए। उन्होंने क्षेत्र में देह व्यापार जैसी कोई सूचना पर तत्काल विधिवत कार्यवाही के निर्देश राजपत्रित अधिकारियों को दिया गया है तथा "जनचेतना" कार्यक्रमों के तहत साइबर और यातायात जागरूकता के साथ नशा मुक्ति की ओर लोगों को प्रेरित कर उन्हें समुचित परामर्श, सामाजिक सहयोग और उनके काउंसलिंग की व्यवस्था कराने का निर्देश दिया गया है।

सड़क दुर्घटना को लेकर गोल्डन ऑवर (हादसे के बाद के पहले एक घंटे का समय) के सही इस्तेमाल और सड़क हादसे में घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति पर उस घटना के लिए किसी भी तरीके से कोई केस नहीं चलाया जाएगा। इस ओर जन जागरूकता लाये जाने के निर्देश दिये। साथ ही सड़क दुर्घटना, आकस्मिक मौत, महिला संबंधी अपराधों में पीड़ितों को दिलाए जाने वाले मुआवजा प्रकरण को जल्द से जल्द न्यायालय प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये हैं।

क्राइम मीटिंग में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बताये कि अगले महीने पुलिस महानिरीक्षक महोदय बिलासपुर रेंज, बिलासपुर द्वारा जिले का वार्षिक निरीक्षण किया जाना प्रस्तावित है, जिस संबंध में आरआई अमरजीत खुंटे और थाना, चौकी प्रभारियों को समुचित तैयारी सुनिश्चित करने कहा गया है। देर रात तक चली क्राईम मीटिंग में सभी राजपत्रित पुलिस अधिकारी और थाना, चौकी प्रभारी उपस्थित थे।

## बस्तर के लिए आरेंज अलर्ट व रायपुर सहित 10 जिलों के लिए यलो अलर्ट जारी, आंधी चलने की संभावना


Demo Pic

**रायपुर (आरएनएस)।** बंगाल की खाड़ी से आ रही प्रचुर मात्रा में नमी के चलते बुधवार को भी मौसम में बदलाव देखा जा सकता है. मौसम विभाग की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक आज छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में बारिश होने की संभावना है. इसके साथ ही विभाग ने कुछ जगहों पर गरज चमक के साथ छींटे पडऩे, एक-दो जगहों पर अंधड़ और वज्रपात की भी संभावना जताई है.

बीते कुछ दिनों से प्रदेश में मौसम का मिजाज बदला हुआ है और तापमान में गिरावट के साथ ही मौसम में थोड़ी ठंडकता बनी रही। हालांकि मंगलवार को रायपुर सहित प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में अधिकतम तापमान में गिरावट रहा, लेकिन उमस में बढ़ोतरी हो गई।

मौसम विभाग का कहना है कि बुधवार को इस उमस से राहत मिलने के आसार हैं और प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में अंधड़ के साथ ही हल्की बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने बस्तर क्षेत्र के लिए आरेंज अलर्ट व रायपुर सहित 10 जिलों के लिए यलो अलर्ट भी जारी किया है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि यह पूरा सप्ताह थोड़ा राहत भरा रहने के आसार हैं।

संभावना जताई जा रही है कि एक मई से गर्मी में बढोतरी शुरू होगी। मंगलवार सुबह से ही रायपुर सहित प्रदेश भर में आंशिक रूप से बादल छाए रहे, हालांकि आंशिक रूप से बादल छाने की वजह से उमस भी रही। रायपुर का अधिकतम तापमान 35.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से छह डिग्री सेल्सियस कम रहा। इसी प्रकार न्यूनतम तापमान 22.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से चार डिग्री सेल्सियस कम रहा।

मौसम विज्ञानियों का कहना है कि अभी मौसम का मिजाज इस प्रकार ही बना रहेगा। मौसम विज्ञानी एचपी चंद्रा ने बताया कि द्रोणिका के प्रभाव से मौसम का मिजाज थोड़ा बदल रहा है। बंगाल की खाड़ी से नमी आने का सिलसिला भी जारी है, इसके चलते ही बुधवार को प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में अंधड़ चलने व हल्की वर्षा के आसार हैं।

## सीएमएचओ डॉ.ठाकुर ने धरमजयगढ़ के स्वास्थ्य केन्द्रों का किया औचक निरीक्षण



**रायगढ़।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मधुलिका सिंह ठाकुर ने विकासखंड धरमजयगढ़ में कोविड-19 से संक्रमित लोगों के इलाज, देखरेख व आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु औचक निरीक्षण किया तथा 10 बेड आइसोलेशन वार्ड, हाई रिस्क गर्भवती महिला वार्ड, ओपीडी का निरीक्षण कर चिकित्सा अधिकारियों/कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विजयनगर, कापू व अलोला, ठाकुरपोडी, किरिया, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिसरिंगा का भी निरीक्षण कर अस्पताल व्यवस्था को बेहतरीन बनाने एवं स्वास्थ्य सुविधाओं को जनसमुदाय तक सरलता से उपलब्ध कराने हेतु निर्देश दिये। उन्होंने संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने, उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं का विशेष स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के साथ-साथ एनीमिक गर्भवती माताओं का परीक्षण कर, खान-पान सहित उपचार कर काउसिलिंग हेतु संस्था में ही प्रसव कराने हेतु प्रेरित किया।

## राजस्व विभाग की कार्यशाला में शामिल हुई कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी के निर्देशन में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजस्व विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों की द्वि-दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला के प्रथम दिवस में अपर कलेक्टर रायगढ़ राजीव पाण्डेय ने नजूल भूमि के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी एवं राजस्व विभाग के पदाधिकारियों द्वारा पूछे गये प्रश्नों का समाधान किया। उन्होंने शासकीय भूमि के प्रबंधन, नीलामी, आबंटन, पट्टा वितरण, भूमिस्वामी एवं व्यवस्थापन, भूमिहीन व्यक्ति (पट्टाधृति अधिकारों का प्रदान किया जाना) अधिनियम, 1984 के संबंध में जानकारी प्रदान किया गया। वरिष्ठ सेवानिवृत विशेष सचिव पी. निहलानी ने भू-राजस्व संहिता के बारे में जानकारी दी। निहलानी ने विलयीकृत रियासत के समय से भू-राजस्व संहिता का इतिहास बताते हुए धारा 165 के विभिन्न उपधाराओं की व्याख्या करते हुए भूमि व्यपवर्तन, अंतरण एवं आदिवासी भूमि हस्तांतरण के संबंध में जानकारी दी एवं अपने व्यापक कार्यानुभावों को साझा किया, जो निश्चित रूप से राजस्व मामलों के निराकरण हेतु मददगार साबित होंगे। निहलानी ने सुझाव दिया कि राजस्व संहिता की किताब के एक-एक शब्द को ध्यानपूर्वक पढ़ा जाना चाहिए, तब कहीं जाकर समझ और स्पष्टता आती है। इसके पश्चात् भू-अर्जन के प्रावधानों की जानकारी दी। इसके अंतर्गत औद्योगीकरण, अनिवार्य अवसंचरचनात्मक सुविधाओं के विकास और नगरीकरण के लिए भूमि का अर्जन, खोज की अवधि एवं अधिसूचनाओं के संबंध में अद्यतन जानकारी दी एवं सवालों का समाधान किए।

## प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के 14वां किश्त के लिए पात्र किसानों को ईकेवायसी, आधार सीडिंग एवं लैण्ड सीडिंग कराना अनिवार्य



**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** केन्द्र सरकार की प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थियों के लिए 13वीं किस्त में लाभ प्राप्ति के लिए लैण्ड सीडिंग होना अनिवार्य था, पर इस बार 14वीं किश्त के लिए ईकेवायसी, आधार सीडिंग एवं लैण्ड सीडिंग को अनिवार्य किया गया है। जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ में कुल सक्रिय कृषक संख्या 76 हजार 469 है जिसमें 66 हजार 263 कृषकों का ईकेवायसी हुआ है। 10 हजार 200 कृषकों का ईकेवायसी होना लंबित है। कृषक ईकेवायसी का कार्य नजदीकी लोक सेवा केन्द्र (सीएससी) में करवा सकते हैं। जिले में 5838 कृषकों का आधार सीडिंग नही हुआ है। आधार सीडिंग का कार्य संबंधित बैंकों के बैंक खाते में आधार अपडेट कराने के बाद डीबीटी इनेबल कराने के बाद पूर्ण होता है। कृषि विभाग के मैदानी अमलों द्वारा लगातार लाभार्थियों से सम्पर्क कर संबंधित बैंकों में भेजा जा रहा है। इसके अलावा इंडियन पोस्ट पेमेंट बैंक (पोस्ट ऑफिस) में खाता खोलकर किसान अपना आधार सीडिंग करवा सकते हैं इसके लिए कृषक अपने क्षेत्र के पोस्ट ऑफिस, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी से सम्पर्क कर सकते हैं।

इसी प्रकार लैण्ड सीडिंग हेतु कृषक अपने बेनिफिसरी स्टेटस में लैण्ड सीडिंग नंबर दिखने पर क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एवं कार्यालय वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी में अपने बी-1 के साथ आवश्यक दस्तावेज जमा करने पर लैण्ड सीडिंग का कार्य कृषि विभाग द्वारा संचालनालय कृषि रायपुर से एनआईसी पोर्टल में अपलोड करने के बाद लैण्ड सीडिंग का कार्य पूर्ण होता है।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के लिए ईकेवायसी, आधार सीडिंग एवं लैण्ड सीडिंग कराना अनिवार्य है। पात्र किसान शीघ्र ही लोक सेवा केन्द्र (सीएससी) एवं अपने बैंक में जाकर ईकेवायसी, आधार सीडिंग एवं लैण्ड सीडिंग (बी 1 अपलोड) कार्य पूर्ण करें। उपरोक्त सभी दस्तावेज अपलोड या सीडिंग नही करने पर किसानों के आगामी किश्त भुगतान होने में बाधा आ सकता है।

## अब राष्ट्रीय उद्यान से लगे ग्रामों में बस्तर पहाड़ी मैना की गूंज सुनाई दे रही



**जगदलपुर (आरएनएस)।** कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के मैना मित्र व फ्रं ट लाइन स्टाफ के निरंतर प्रयास से अब बस्तर पहाड़ी मैना के संख्या में वृद्धि होने से आस पास के ग्रामों में भी देखने को मिल रही है। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ के राजकीय पक्षी पहाड़ी मैना का प्राकृतिक रहवास कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान ही है। यहां लगभग एक साल से स्थानीय समुदाय के युवाओं को प्रशिक्षण देकर मैना मित्र बनाया गया है। मैना मित्र पहाड़ी मैना के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए लगातार प्रयासरत है। और अब उनकी मेहनत रंग लाया रही है।

कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक धम्मशील गणवीर ने बताया कि कैम्पा योजना अंतर्गत संचालित मैना संरक्षण एवं संवर्धन प्रोजेक्ट बस्तर पहाड़ी मैना के संरक्षण के लिए कारगर साबित हुआ है। प्रोजेक्ट अंतर्गत मैना मित्रों द्वारा कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान से लगे 30 स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। प्रत्येक शनिवार और रविवार स्कूली बच्चों को पक्षी दर्शन के लिए ले जाया जा रहा है जिससे उनके व्यवहार में बदलाव भी देखा जा रहा है। एक समय में जिन बच्चों के हाथ में गुलेल थे अब उनके हाथ में दूरबीन देखा जा रहा है।

उल्लेखनीय है की मैना का रहवास साल के सूखे पेड़ो में होता जहा कटफोड़वे घोंसले बनाते है। इसी कड़ी में बस्तर वन मंडल द्वारा साल के सुखे पेड़ों को काटने पर बस्तर प्रतिबंध लगाया गया है जिससे मैना का रहवास कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के बाहर भी सुरक्षित हो सके।

साथ ही कांगेर घाटी से लगे ग्राम जैसे मांझीपाल, धूडमारास के होमस्टे पर्यटन में पहाड़ी मैना को जोड़ा गया है जहा पर्यटक पक्षी दर्शन गतिविधी में राजकीय पक्षी को भी देख सकते है। धूड़मरास के मानसिंह बघेल जो धुरवा डेरा के संचालक है कहते है की मुझे बहुत अच्छा लग रहा है की पहाड़ी मैना हमारे घर के पास देखने को मिल रही है और उन्हें हम होम स्टे पर्यटन के साथ जोडक़र उसका संरक्षण भी कर रहे है

अभी नेस्टिंग सीजन में पहाड़ी मैना के कई नए घोंसले देखने को मिले, जिसमे इस समय पहाड़ी मैना अपने बच्चों को फल और कीड़े खिलाते हुए देखी जा रही है, जिनकी निगरानी मैना मित्रों और फील्ड स्टाफ द्वारा की जा रही है।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के मूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करवाएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

## हाथियों ने तोड़े दो मकान, आठ एकड़ में लगी फसल को पहुंचाया नुकसान



**कोरबा (आरएनएस)।** मारवाही जंगल से सप्ताह भर वापस लौटे कटघोरा वन मंडल के पसान वन परिक्षेत्र में हाथियों ने उत्पात मचाना फिर से शुरू कर दिया है। 47 हाथियों के दल से बिछड़े दो हाथियों ने रात के कुम्हारीसानी के तवरिहापारा में दो घरों को तोडऩे के साथ आठ एकड़ ग्रीष्म धान की फसल को नुकसान पहुंचाया है। चार दल में बंटे हाथी तवरिहापारा के आलावा तनेरा, जलके व कोरबी में विचरण कर रहे हैं। गांव के निकट हाथियों के पहुंचने से लोगों में भय का वातावरण देखा जा रहा है।

वन क्षेत्र में महुआ संग्रह का सीजन समाप्त हो चुका। लोगो ने संग्रहित महुआ को घर में रखा है। ऐसे में भोजन की तालाश में गंध पाकर हाथी रिहायशी क्षेत्र की ओर पहुंचने लगे हैं। वन विभाग के टीम की ओर से ग्रामीण क्षेत्र मे मुनादी करा दी गई। विरल आबादी में रहने वाले लोगों को घनी आबादी की ओर जाने के लिए कहा जा रहा है। सोमवार की रात को हाथियों ने पसान वन परिक्षेत्र के ग्राम कुम्हारीसानी के जयमंगल सिंह और इंद्रपाल के मकान को तोड़ दिया। रात को पहुंचे दो हाथियों ने यहां रात भर उत्पात पहुंचाया। बीट गार्ड ईश्वर मानिकपुरी ने बताया कि हाथियों ने ग्रामीणों के घर तोडऩे के अलावा वहां रखे रसद सामानों को चट कर दिया। जिस समय हाथियों का दल घर पहुंचा उस समय लोग घर में सो रहे थे। दीवार टूटन की आवाज से घर वालों को समझते देर नहीं लगी कि हाथियों का दल पहुंच गया। परिवार के सदस्यों ने पिछले दरवाजे से भागकर जान बचाई। वन रक्षक मानिकपुरी ने हाथियों के दल को जंगल की खदेडऩे के लिए लगातार निगरानी की जा रही है। अल.अलग दलों विचरण कर रहे हाथियों के दल पर निगरानी के लिए कर्मचारी कम पड़ रह हैं। कुम्हारीसानी सहित आसपास के गांवों को तीन बीट में बांटा गया है। यहां एक मात्र बीट गार्ड की नियुक्ति की गई है। ऐसे में सुरक्षा के लिए लोगों को रात भर रतजगा करना पड़ रहा है। लोगों से कहा जा रहा है कि घर में महुआ संग्रहित कर न रखें। साथ ही रात के समय एक गांव से दूसरे गांव आवागमन न करें। लोगों से कहा जा रहा है कि वे हाथियों से दूरी बनाकर रखें।

ग्रीष्म का असर तेज होते ही जंगल भीतरी भाग में जल स्त्रोत तेज से सूख रहे हैं। एक साथ 20 से 27 की संख्या में विचरण करने वाले हाथियों के लिए पर्याप्त पानी की कमी देखी जा रही है। यही वजह है कि हाथी अपनी जगह को तेजी से बदल रहे हैं। वन विभाग की ओर से सरोवर अथवा अथवा एनीकट का निर्माण नहीं कराया है। ऐसे में पानी की तालाश में हाथियों दल रिहायशी क्षेत्र की ओर पहुंच रहा है।